राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9798431468

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–29/2022

राज्यपाल ने संत रविदास जयन्ती के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 15 फरवरी, 2022 :– महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने संत रविदास जयन्ती के अवसर पर सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल ने कहा है कि महान संत एवं कवि रविदास ने आत्मज्ञान, एकता और भाईचारा का उपदेश दिया। वह ऊँच–नीच, जात–पात आदि सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए आजीवन प्रयासरत रहे। उनके पदों से प्रेम, भक्ति, ज्ञान एवं कर्मशीलता की शिक्षा मिलती है। राज्यपाल ने कहा है कि संत रविदास ने ईश्वर की भक्ति के लिए सदाचार, परहित भावना और सद्व्यवहार को आवश्यक बताया।

राज्यपाल ने संत रविदास के जीवनादर्शों से प्रेरणा ग्रहण करते हुए अभिमान त्यागकर दूसरों के साथ व्यवहार करने तथा विनम्रता और शिष्टता के गुणों का विकास कर देश और समाज में एकता, शांति, प्रेम और बंधुता की भावना को सुदृढ़ करने हेतु संकल्पित होने का अनुरोध किया है।

....